




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 154 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 16 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया


## आज लग सकती है आचार संहिता



### खंभों पर लगे बेनर, पोस्टर निशाने पर
### नियम विरुद्ध लगे फ्लेक्स पर मेहरबान है नपा

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज शनिवार को देश में आम चुनाव के लिए आचार संहिता लगने की संभावना है। इसके पहले ही नगरपालिका ने बैनर, पोस्टर हटाने की कार्रवाई शुरु कर दी है। हालांकि, नियम विरुद्ध लगे या नियम विरुद्ध होने के बाद भी अनुमति देकर लगे फ्लेक्स पर नगरपालिका मेहरबान नजर आ रही है। शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स आचार संहिता पर भारी पड़ते हैं। खस बात यह है कि अनुमति दो सौ की भी नहीं है। जबकि, शहर में पांच सौ से अधिक होर्डिंग्स लगे हुए है। इसके अलावा जिनको अनुमति दी गई है। उन्हें भी नियम कायदे ताक पर रखकर दी गई है। क्योंकि, फ्लेक्स लगाने की अनुमति दिए जाने के लिए कई नियम भी है, जिन्हें दरकिनार किया गया है। इस तरह से आचार संहिता का जगह-जगह लगे यह फ्लेक्स उल्लंघन कर रहे हैं।



बता दें कि कुछ समय पहले होईकोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका में नियमों का हवाला दिया गया था। सड़क किनारे भवनों, फुटपॉथ, खंभों पर लगे होर्डिंग से राहगिरों का ध्यान भंग होने के साथ ही यह मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 16(4) का उल्लंघन भी है। नियमों का उल्लंघन करते हुए ऐसे व्यस्ततम मार्गो पर भी होर्डिंग की अनुमति दी गई है, जिससे वाहन चालकों का ध्यान भटक रहा है। कई बार दुर्घटना का कारण भी बनते हैं। खासकर व्यस्ततम मार्गों पर ज्यादा ऊपर और ज्यादा नीचे लगे होर्डिंग दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं। लेकिन, जिम्मेदारो को इससे कोई सरोकार नहीं है।

## चुटकुला याद दिला रही है कांग्रेस की यह गारंटी...



प्रकाश भटनागर

जिन्हें अतीत और वर्तमान, दोनों के सच का भान नहीं है, उनके लिए तो यह बेहद लोकलुभावन मामला है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के विज्ञापन में जारी 'युवा न्याय गारंटी' का खाका कुछ ऐसा है कि एक बारगी सारे के सारे युवा मतदाता और उनके परिवारजन आज से ही इस पार्टी को वोट देने का मन बना लें तो हैरत नहीं होना चाहिए। लेकिन, जैसा कि पहले ही कहा गया है कि ऐसा सिर्फ उनके साथ है जो बीते हुए कल और मौजूदा दौर, दोनों में ही कांग्रेस के सच से वाकिफ नहीं हैं। यह उस पार्टी का मामला है, जिसके देश में अलग-अलग अंतराल में करीब साठ साल के शासनकाल में बेरोजगारी की हालत किसी से छिपी नहीं थी। कांग्रेस ने एक बार में तीस साल लगातार और दो बार दस-दस सरकार चलाई है। तो याद करें यदि जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन ने देश के बड़े हिस्से में युवाओं को तत्कालीन व्यवस्था के खिलाफ लामबंद कर दिया था, तो उसकी प्रमुख वजह यही थी कि युवक-युवतियां उस समय के शासन में अपनी स्थिति को लेकर बुरी तरह आक्रोशित थे। यह वह दौर था, जब किसी परीक्षा में पूछे जाने वाले निबंध से लेकर तमाम विमर्शो केंद्र में 'भारत में बेरोजगारी की समस्या' का बोलबाला रहता था।

ऐसे में यह सवाल सहज रूप से उठता है कि जो पार्टी अपने आधी सदी से अधिक वाले शासनकाल में युवाओं के हक और हित की दिशा में कुछ नहीं कर सकी, वह अब यह सब गारंटी की बात किस तरह कर रही है? वह भी तब, जबकि वह कमोबेश एक दशक से देश की सत्ता से बाहर है और उसकी पुराने गौरव के साथ वहां वापसी की तमाम संभावनाएं दम तोड़ चुकी हैं।

पार्टी से बाहर तो दूर, आज तो कांग्रेस के भीतर का भी युवा अपने दल के प्रति आश्वस्त नहीं दिख रहा है। यदि कांग्रेस की रीति-नीति में युवाओं के लिए इतना ही चिंतन होता तो क्या वजह थी कि इस वय के अनेक नेता कांग्रेस से आज दूर हो चुके हैं? फिर 'युवा न्याय गारंटी' के आश्वासनों पर नजर डालिए। पहले एक साल में पांच करोड़ युवाओं को उनका हक देने की गारंटी, 30 लाख खाली सरकारी पदों पर भर्ती, एक करोड़ से अधिक युवाओं को एक लाख से अधिक वेतन और पेपर लीक होने के खिलाफ सख्त कानून। अब जरा पीछे जाइए। याद कीजिए वर्ष 2018 का वह समय, जब राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के समय मध्यप्रदेश में अपनी सरकार बनने पर दस दिन के भीतर किसानों का कर्ज माफ़ करने की बात की थी। कांग्रेस की सरकार तो बन गई, लेकिन यह वादा महज वादा होकर ही रह गया। न राजस्थान और न ही छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार भी गांधी के इस वचन की लाज रख सकी थीं। क्योंकि यह विशुद्ध रूप से अव्यावहारिक आश्वासन था और ठीक उसी तरह से यह दल एक बार फिर युवाओं के लिए कह रहा है। कांग्रेस को यह देखना चाहिए कि उसने उत्तरप्रदेश के बीते चुनाव में भी 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' के नारे के साथ राज्य की युवतियों के लिए घोषणाओं का अंबार लगा दिया था, लेकिन मध्यप्रदेश सहित राजस्थान और छत्तीसगढ़ का सच सबके सामने था, इसलिए काठ की वह हांडी फिर उत्तरप्रदेश में नहीं चढ़ सकी। इसी मामले में उस समय हंसी रोकना और मुश्किल हो जाता है, जब कांग्रेस पेपर लीक को लेकर दावे करती है। जबकि, राजस्थान में अशोक गहलोत के समय प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे बाजार में बिकने का सनसनीखेज कांड सामने आया था। तमाम सबूत इस बात की तरफ इशारा कर रहे थे कि सरकार में बैठे लोगों की मदद से इस घोटाले को अंजाम दिया गया। यदि कांग्रेस इस मामले में इतनी ही संजीदा थी तो क्यों नहीं उसने गहलोत सरकार पर इस दिशा में कोई कार्यवाही की?

एक चुटकुला याद आ गया। राजा के दरबार में गायक ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। हर गीत के बाद राजा गायक के लिए महंगे इनाम की घोषणा करता चला गया। समय बीतता गया और गायक को एक भी इनाम नहीं मिला। परेशान होकर उसने राजा से फ़रियाद की। राजा बोला, 'इसमें इनाम देने की बात कहां से आ गई? उस दिन तू मेरे कानों को खुश कर रहा था तो मैंने भी तेरे कान खुश कर दिए थे।' कांग्रेस जनाधार के रूप में अपनी प्रचंड तंगहाली के बावजूद न जाने किस तरह मंत्रमुग्ध होकर यह गीत सुन रही है कि लोग उसे पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में फिर लाने के लिए उतावले हैं। यह सुनकर पार्टी के कान खुश हो रहे हैं और ऐसा लगता है कि 'युवा न्याय गारंटी' के जरिए वह भी प्रत्युत्तर में सामने वाले के कानों को खुश करने का ही प्रयास कर रही है। क्योंकि अतीत से लेकर वर्तमान तक में यह दल अपनी इस तरह की एक भी गारंटी पूरा करने की स्थिति और मनोस्थिति, दोनों में ही नहीं दिख रहा है।

# सिंधिया खेमे को इस बार भी निराशा



## नगरपालिका, विस और लोस में भी टिकीट नहीं !

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा उम्मीदवारो की घोषणा से पहले भाजपा से ज्योतिरादित्य सिंधिया के मंदसौर संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतरने की चर्चाएं चल रही थी। इसके अलावा जावरा से उनके समर्थक केकेसिंह कालूखेड़ा का टिकीट लोग पक्का मान रहे थे। इसका कारण था कि मंदसौर जिले से उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद का पद दे दिया गया था। नीमच से कोई दमदार दावेदार नजर नहीं आ रहा था। वहीं जावरा से राजेंद्र पाण्डे को विधायकी छोड़ लोस के मैदान में उतरने का कोई औचित्य था नहीं। ऐसे में कालूखेड़ा की दावेदारी मजबूत थी। लेकिन, वहीं हुआ जो नगरपालिका चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव में हुआ। नगरपालिका में सिंधिया समर्थक जीते हुए पार्षद तक टिकीट नहीं ला सके। इसके बाद विधानसभा में सिंधिया समर्थक उम्मीद्वारों का आंकड़ा जीरो पर रहा।

राजनीति बड़े उलटफेर का खेल है। वर्ष 2019 में कांग्रेस से लोकसभा चुनाव हारकर 2020 में बीजेपी में जाने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया का कद प्रदेश और केंद्र की राजनीति में बढ़ा हो मगर रिसायत का हिस्सा रहे 'मंदसौर' में आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों के साथ लोस क्षेत्र में कम हुआ है। आंकड़े इसके गवाह हैं। पिता माधवराव सिंधिया के निधन के बाद ज्योतिरादित्य ने राजनीति में प्रवेश किया और 2002 में लोकसभा सांसद बने। 2003 से 2018 तक कांग्रेस में रहते हुए वे हर विधानसभा चुनाव में अधिकतम 3 से न्यूनतम 1 टिकट दिलाते ही रहे। अब 2023 में पहला मौका था कि सिंधिया एक भी समर्थक को टिकट नहीं दिला सके। विस चुनाव से पहले भाजपा द्वारा लंबे समय तक होल्ड पर रखी जावरा से केके सिंह कालूखेड़ा, गरोठ से मुकेश काला और मनासा सीट पर विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा को लेकर समर्थकों में कुछ उम्मीद थी। लेकिन, भाजपा ने सभी सीटों पर पुराने चेहरे ही रिपीट किए। दो दलों में रहे सिंधिया की पकड़ का अंतर भी साफ दिख रहा है। स्पष्टहै कि मंदसौर संसदीय क्षेत्र में 3 जिले आते हैं। मंदसौर, नीमच के अलावा रतलाम का जावरा विस तक का हिस्सा इसमें शामिल है।

### साथ छोड़ समंदर कांग्रेस से ले आए टिकट...

सिंधिया जब से भाजपा के हुए तो उन्होंने बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति में बरसों पुराने साथी राजेंद्रसिंह गौतम को प्रदेश समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य, विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा, मुकेश काला, के.के. सिंह कालूखेड़ा को कार्यसमिति सदस्य तक बनवाया। हालांकि समंदर पटेल जैसे कुछ साथी बीच सफर में सिंधिया को छोड़ फिर कांग्रेस में चले गए और 2023 चुनावी समर में समंदर जावद से कांग्रेस प्रत्याशी बन गए।

### विस चुनाव के आंकड़ों में देखिए दबदबा व कमजोरी का सफर...

✻ 2003: आठ में से 1 जावरा विधानसभा में महेंद्रसिंह कालूखेड़ा को टिकट दिलाया।

✻2008: आठ में से 3 सीटों जावरा से कालूखेड़ा, नीमच से रघुराज चौरड़िया, मनासा से विजेंद्र मालाहेड़ा को टिकट।

✻ 2013: आठ में से 2 टिकट दिलाए। मनासा से विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा, जावद से रघुराजसिंह चौरड़िया।

✻ 2018: आठ में से 2 टिकट लाए, जावरा से केके सिंह कालूखेड़ा, मल्हारगढ़ से परशुराम सिसौदिया।

✻ 2023: बीजेपी में आए तो 8 में से एक टिकट भी समर्थकों को नहीं दिला पाए, 3 सीटें होल्ड पर रहने तक उम्मीद थी, जो अधूरी रही।

**(नोट: 2003 से 2018 तक सिंधिया ने कांग्रेस के टिकट बांटे, 2023 विस में भाजपा से समर्थकों को टिकट नहीं दिला पाए)**



**लापरवाही–** शहर में यातायात नियमों का पालन नहीं हो रहा है। दो पहिया वाहन पर चार सवारी तो वही ट्रेक्टर के पीछे ट्राली और ट्राली के पीछे भी छत भरने की दो मशीन फांद रखी है। यह नजारा शहर के गांधी चौराहा, रामटेकरी सहित कई जगह रोज देखने को मिल जाता है।

## थ्रेशर की चपेट में आया मजदूर, दर्दनाक मौत

**नीमच, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बघाना थाना क्षेत्र के गांव दारु में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक खेत पर मेथी की उपज निकालते समय थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक व्यक्ति पड़ोसी राज्य राजस्थान का रहने वाला था। जो मजदूरी के लिए खेत पर आया था। वही हादसे की सूचना मिलते ही बघाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नीमच के बड़े अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार ग्राम दारु में शुक्रवार को किसान राजेंद्र सिंह के खेत पर थ्रेशर मशीन से मैथी की उपज निकाली जा रही थी। जहां सीमावर्ती राज्य राजस्थान के गांव सरलाई निवासी 45 वर्षीय राजू पिता मोहन भील थ्रेशर मशीन पर मजदूरी का काम कर रहा था। वह मशीन में मैथी की सुखी उपज डाल रहा था। इसी दौरान अचानक राजू थ्रेशर की चपेट में आ गया और मशीन के अंदर चला गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बघाना थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को बड़े अस्पताल भेजा। जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्मार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## हार्वेस्टर की टक्कर से बाईक सवार युवक की गर्दन कटी, दो की मौत

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा तहसील के ग्राम मावता और बेहपुर के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक हार्वेस्टर ने बाइक सवार दो लोगो को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोगो की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी दर्दनाक थी कि एक बाइक सवार की गर्दन कटकर अलग हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। भावगढ़ पुलिस ने बताया कि लोकेंद्रसिंह पिता गोपालसिंह राठौर उम्र 55 वर्ष और विक्रमसिंह शंभुसिंह उम्र 35 वर्ष निवासी नांदवेल बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान मावता और बेहपुर के बीच एक हार्वेस्टर ने बाइक सवारो को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक बाइक सवार की गर्दन कटकर अलग हो गई। दूसरे के सिर में गंभीर चोट आने से मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## गर्भवती महिला की मौत के मामले में पति गिरफ्तार, हत्या का प्रकरण दर्ज

**भानपुरा, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 30 वर्षीय गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पीएम रिपोर्ट में महिला के सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टिहुई है। पुलिस द्वारा पति, सास और सुसर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें पता चला की आरोपी पति हंसराज बंजारा ने गुस्से में पत्नी का सिर पकड़कर दीवार पर पटक दिया था।

भानपुरा टीआई रोहित कछावा ने बताया की 13 मार्च को बावड़ी खेड़ा में जसोदा बाई बंजारा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। महिला के शरीर पर चोट के निशान भी थे। महिला का शव मिलते ही मायका पक्ष ने ससुराल पक्ष पर जसोदा की हत्या का आरोप लगाया था। लेकिन, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार था। परिजनों ने बताया कि करीब 8 साल पहले जसोदा बाई को हंसराज बंजारा को नातरे दिया था। शादी के बाद से ही पति उसके साथ मारपीट करता था। इस विषय में महिला ने पुलिस के पास पति की शिकायत भी की थी। उनकी दो बेटियां, 5 साल की रवीना और 3 साल की लक्षिता है। महिला 4-5 माह की गर्भवती भी थी। पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट से मौत की पुष्टि हुई है। 13 मार्च की सुबह दंपती के बीच विवाद होने पर पति ने पत्नी का सिर दीवार से टकरा दिया था। मामले में फिलहाल पति के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

## सिद्ध श्री, स्वर्ण भूमि और कलश राजस्थान पुलिस की चपेट में आए

### एक संचालक हिरासत में, दो दुकान छोड़ भागे



**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में कुछ दिनों पूर्व एक हाई प्रोफाइल चोरी का मामले सामने आया था। उस चोरी की तहकीकात और माल बरामदगी के लिए जयपुर पुलिस की शुक्रवार को मंदसौर में आमद हुई। सूचना के अनुसार पुलिस ने यहां से करीब 7 किलो सोना जप्त करना था। इसके लिए पुलिस चोरी के एक आरोपी को भी अपने साथ लाई थी। राजस्थान पुलिस जब सिद्ध श्री, कलश और स्वर्णभूमि पर पहुंची तो केवल स्वर्ण भूमि पर ही धर्मेंद्र मिला। बाकी अनीश और राकेश पुलिस को गच्चा दे गए।

शुक्रवार शाम अचानक शहर कोतवाली में सराफा व्यापारियों की आमदरफ्त देखी गई। शहर पुलिस ने अपनी तरफ से कोशिश की। लेकिन राजस्थान पुलिस सराफा व्यापारियों की गिरफ्तारी पर अड़ी रही। बताते है की देर रात तक सेटलमेंट की चर्चा चल रही थी। लेकिन, धर्मेंद्र को छोड़ पुलिस के पास बाकी दो का कोई अता पता नहीं चल पा रहा था? इधर खबर लिखे जाने के समय तक यही चर्चा चल रहीं थी की अनीश का सेटलमेंट हो गया है। हालांकि, इसकी संभावना काफी कम दिखाई दे रही थी। देखना है की राजस्थान पुलिस आखिर क्या और कितना काम करके जाति है, जिससे की चोरी का माल खरीदने वालों पर पुलिस का खौफ बना रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मनासा, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कुंडला रोड पर गांव देवरी खवासा और बडक़ुआ के बीच घाटी पर शुक्रवार देर रात एक दुर्घटना हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर डायल 100 और थाना 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को तत्काल मनासा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया गया। दरअसल बाइक सवार युवक नरेश पिता माणक लाल कारपेंटर निवासी भाटखेड़ी रात में अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव बडक़ुआ और देवरी खवासा के बीच अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। नरेश को सिर, पैर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल घायल युवक का नीमच के अस्पताल में उपचार जारी है।

## चंदे के भंडाफोड़ के बाद भी बढ़त लेता भाजपाई वातावरण...



चन्द्रमोहन भगत

**मंदसौर/उज्जैन, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** इलेक्टोरल बांड के माध्यम से राजनीतिक दलों ने जितना भी जिससे भी चंदा लिया है। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने सारी जानकारी चुनाव आयोग को सौंप दी है। कहा जा सकता है कि पूरा मामला लगभग उजागर ही हो चुका है।

सात सौ पन्नों की रिपोर्ट में सैकड़ो हजारों नाम के साथ उनके आंकड़ों की डिटेल होने के कारण देखने में ही कुछ समय लग रहा है। कई वरिष्ठ पत्रकारों और आर्थिक राजनीतिक जानकारों ने अपनी जानकारी तक सूची के रिकॉर्ड आंकड़ों के साथ अनेक बड़े घरानों और समूहों के इलेक्टोरल बांड से भाजपा व अन्य दलो को दी गई राशि उजागर की है। उसके बदले में इन संस्था संचालकों ने सरकार से कितना फायदा, कैसे लिया यह लगातार सार्वजनिक किया जा रहा है। सरकार द्वारा लिए गए दान के आंकाड़े और एवज में सरकारों से लिए गए कामों से होने वाले फायदे के आंकड़े भौचक कर देने वाले हैं। जिस दिन चुनाव आयोग इसे आम आदमी के लिए सार्वजनिक करेगा। निश्चित ही सार्वजनिक बहस का दौर शुरू हो जाएगा। शासकीय बैंक के शीर्ष कार्यलय द्वारा जारी शासकीय रिकॉर्ड है। इसलिए प्रमाणित आंकड़ों सहित दस्तावेज होंगे, इसमें शक की कोई गुंजाइश ही नहीं होगी।

खैर बात राजनीतिक वातावरण की हो रही थी कि लोकसभा चुनाव के लिए कुछ ही घंटे में आचार संहिता लगने की घोषणा हो जाएगी। मध्य प्रदेश के अलावा अनेक राज्यों में भाजपा के लगभग सभी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होने के साथ प्रत्याशियों के प्रचार की रंगत भी सतह पर नजर आने लगी है। चंदे के आंकड़ो का भंडाफोड़ हो जाने के बाद भी अगर चुनावी वातावरण में भाजपा भारी नजर आए तो इसे क्या माना जाएगा! विडंबना यह है कि इतनी बड़ी चंदेबाजी उजागर होने के बाद भी विपक्षियों में उत्साह का संचार नहीं हो पा रहा है। खबर लिखे जाने तक कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों के नाम तक चयन नहीं हो पाए थे। जबकि, भाजपाई प्रत्याशियों के विधानसभा तथा मंडलवार कार्यालय लगभग खुल चुके हैं और काम प्रारंभ भी किया जा चुका है। इसी कारण सतह पर भी वातावरण भाजपा का ही नजर आने लगा है। इससे अलग हटकर प्रबुद्ध वर्ग और राजनीतिक समीक्षको को इस बात का अचरज हो रहा है कि चुनावी चंदाकांड के उजागर हो जाने के बाद भी भाजपा के अभियान पर कोई असर नहीं हो रहा है ना ही इसका कांग्रेस को लाभ होता है नजर आ रहा है।

कांग्रेस संगठन इसका लाभ उठाना, इसके सहारे जनमत को प्रभावित करना तो दूर अभी तक अपने प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाया हैं। कब प्रत्याशी घोषित होंगे, कब टीम बनाएंगे, कब कार्यालय खुलेंगे, कब प्रचार शुरू करेंगे ! विपक्षी दल ऐसे समय मरियल बना हुआ है। जबकि, प्रमाणिक सरकारी दस्तावेज सहित चुनावी चंदा कांड सतह पर तैर रहा है। ऐसे हालात ही आम जनमत को हतप्रभ करते हैं कि जिस चंदा कांड के कारण विपक्षियों में चुनाव जीतने का जोश आ जाना था, वही इतना हताश है कि प्रत्याशियों की घोषणा तक समय पर नहीं कर पा रहा है और दूसरी तरफ आम जनमत मे वातावरण भाजपा के पक्ष में होता नजर आ रहा है।

# हर व्यक्ति ग्राहक है, चाहे वह वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त कर रहा हो-मोदी

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 15 मार्च को जिला उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित मन्दसौर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने अपने विचार प्रकट किये। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय मोदी ने कहा कि वे खुद बैंक के कर्मचारी हे उनके पास कई प्रकार के ठगी के मामले आते हे, सबसे ज्यादा मामले मोबाइल पर हुए फ्राड के आते हे। लोग अनचाही लिंक पर क्लिक करके ठगी का शिकार होते हे। उससे सबको बचना चाहिए क्युकी लालच ही बुरी बला है।

जिला सहकारी बैंक के आर.सी.जैन ने कहा कि हर व्यक्ति ग्राहक हे चाहे वो उत्पादक हों या सेवा प्रदाता। खरीदारी करते समय समझदारी रखना चाहिए। बिल हमेशा लेने की आदत बनाना चाहिए। यह बिल तब काम आता हे ज़ब आपके द्वारा खरीदी गई वस्तु ख़राब निकलती हे या गुम हों जाती हे। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता और ग्राहक दोनों अलग अलग परिभाषित करने वाले शब्द हे। उपभोक्ता यानि उपभोग करने वाला जो व्यवसायिक शब्द हों जाता हे और ग्राहक यानि ग्रहण करने वाला यह ग्राहक शब्द आत्मीयता से जुडा शब्द हे। ग्राहक यानि गृहण। वस्तु को खरीदकर गृहण करना ही सही रूप में ग्राहक का कर्तव्य हे। पहले के समय में डकैती होती थी, चोरी होती थी लेकिन अब डकैत व चोर सीधे मोबाइल के माध्यम से आपके बैंक में सेंध लगाते हे व आपके फोन के सारे डाटा को चुरा लेते हे। फिर शुरू होता ब्लेकमेल का खेल। इससे सावधान रहने की जरूरत हे। हड़बड़ाहत में कोई सा भी ऐसा काम न करें जिससे मुसीबत में फ़स सके। संचालन करते हुए ग्राहक पंचायत अभ्यास मंडल प्रमुख व उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ उमरावसिंह जैन ने कहा कि एक ग्राहक के रूप में हमेशा



जागरूक रहकर अपने अधिकारों उपयोग करना चाहिए।उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 मैं आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। हमें छह प्रकार के अधिकार प्रदान किये गए है।वस्तु या सेवा मैं किसी प्रकार की कमी, त्रुटि होने पर उसका निराकरण न करने वाले निर्माता,विक्रेता या सेवा प्रदाता के विरुद्ध जिला उपभोक्ता संरक्षण प्रतितोषण आयोग मैं परिवाद दायर कर उचित अनुतोष प्राप्त कर सकते है।कार्यक्रम को आरसेटी के डायरेक्टर एस.दयाल, ग्राहक पंचायत के सचिव विजय कोठारी ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुये जिला उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के हित में शासन द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंत में आभार विभाग के जेएसओ श्रीमती आराधना द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के विजय कोठारी, विरेन्द्र चौहान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस जामोद, नापतौल निरीक्षक भुषण, उपभोक्ता संरक्षण विभाग के जेस ओ डोडिया, दीपक ,सेल्समेन व आम ग्राहक उपस्थित रहे।

## होलिका दहन में लकड़ी का नहीं गौ काष्ठ का उपयोग करें: वन मंत्री

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** वन, पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों से होलिका दहन में लकडी का उपयोग नहीं करते हुए गौ काष्ठ का उपयोग करने की अपील की है। श्री चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली पर्व का विशेष महत्व है। समाज के सभी वर्ग होली पर्व को मिल-जुलकर हर्षोल्लास से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि होलिका दहन में लकडी का उपयोग किया जाता है। वृक्षों की उपयोगिता पर्यावरण संतुलन तक सीमित नहीं है। जीवन देते हैं। करोड़ो जीव-जन्तुओं की रक्षा-सुरक्षा करते हैं। श्री चौहान ने कहा कि गुलाल के साथ मिल-जुलकर होली का पर्व मनायें। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दीं।

वन, पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि होलिका दहन में लकडी के स्थान पर गौ-काष्ठ का उपयोग करना पर्यावरण के लिए ज्यादा उचित है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण सुरक्षा और वनों का संरक्षण होगा। श्री अहिरवार ने कहा कि समय की आवश्यकता के अनुसार लकड़ी का कम से कम उपयोग किया जाये। उन्होंने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को होली पर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ दीं।



## मप्र मानव अधिकार आयोग के नाम से मिलते जुलते नाम व लोगों का कोई भी दुरूपयोग ना करें- ममतानी

**नीमच, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जनसुनवाई करते हुए कहा, कि म.प्र.मानव अधिकार आयोग भोपाल के नाम से मिलते जुलते नाम व लोगो का दुरूपयोग कोई भी ना करें। उन्होने कहा कि म.प्र.मानव अधिकार आयोग भोपाल के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था व्दारा आयोग के नाम लोगो या आयोग के नाम से मिलते जुलते नाम, लोगो का उपयोग नहीं किया जा सकता। वाहनों पर भी आयोग से मिलते जुलते नाम की पट्टिका नहीं लगाई जा सकती।

आयोग के अध्यक्ष श्री ममतानी ने एसपी को निर्देश दिए है, कि यदि कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से म.प्र.मानव अधिकार आयोगके नाम या उससे मिलते जुलते नाम, लोगो का उपयोग करता है या वाहन पर नाम पटिटका लगाता पाया जाता है, तो दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। अध्यक्ष श्री ममतानी ने कहा कि म.प्र.मानव अधिकार आयोग के नाम से मिलते जुलते नाम का उपयोग कर काई भी किसी कार्यालय या संस्था का निरीक्षण नहीं कर सकता। यदि कोई ऐसा करता है, तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।

## रामलीला के कलाकारों ने धनुष यज्ञ प्रसंग का किया मंचन



**मनासा, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रामलीला के मंच से कलाकारों ने धनुष यज्ञ प्रसंग को जनता के सामने प्रस्तुत किया। जिसे देखकर जनता आनंदित हो उठी। उल्लेखनीय हो कि गांव नलखेड़ा में श्री शिव शक्ति रामलीला मंडल द्वारा लगातार चोथे वर्ष हाथरस की तर्ज पर आधारित रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

इसमें गांव के युवा कलाकारों द्वारा भगवान राम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों का सजीव चरित्र चित्रण किया जा रहा हैं। रामलीला के तीसरे दिन सांस्कृतिक मंच से कलाकारों ने धनुष यज्ञ प्रसंग को जिवंत किया। रावण की भूमिका निभाने वाले कमलेश शर्मा, बाणासुर कैलाश राठोर ने अपने अभिनय से उपस्थित जनता को खुब आनंदीत किया। ताड़का बंटी शर्मा, जनक दशरथ शर्मा, कौशल्या ललीत पाटीदार, मारिच हरिश शर्मा व सखी का अभिनय प्रदीप लोहार ने निभाया। ग्रामीण क्षेत्रों में रामलीला को देखने आज भी बडी संख्या में पहुंचते हैं। देश में हिन्दूत्व के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही अब शहरों में भी रामलीला का आयोजन होने लगा हैं। जहां लोग मंच कलाकारों द्वारा निभाए गए किरदार को देखकर आनंदित होते हैं। तीसरे दिन रामलीला में अतिथि ग्राम पंचायत ढाकनी सरपंच राजेश कारपेंटर, समाजसेवी निलेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा कलाकारों द्वारा जो अभिनय किया जा रहा है, यह एक अनुठी कला है, जो आप लोग विभिन्न रूप में मंच पर आकर अपनी कला से सभी को आनंदित कर रहे हैं। मानस की कृपा होने पर ही कलाकार यहां तक पहुंच पाता हैं। समाजसेवी पवन धनगर ने कहा कि सभी कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन ऐसे ही अनवरत चलता रहना चाहिए। इस दोरान पोस्ट मेन कमलेश शर्मा, डाक्टर निलेश शर्मा, राजेश कनेरिया, डाक्टर राहुल सेन, महावीर डोसी ने भी जनता को संबोधित किया।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाया फाग महोत्सव



**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा रंगारंग फाग का प्रोग्राम रखा गया, होली के रसिया कान्हा पर भजन और डांस किए गए। राधा कृष्ण का शृंगार कर महिलाओं द्वारा प्रस्तुतियां दी गई, साथ ही वार्षिक साधारण सभा की मीटिंग की गई। महिलाओं ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। रंगा रंग प्रोग्राम मे रंग गुलाल और फूलों से होली खेली गई। मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती निलीमा मारू, सचिव श्री मति संगीता दरक , माहेश्वरी महिला मंडल की महिलाओं ने बढ चढकर भाग लिया। ब्रजलता तोषनीवाल, लता तोषनीवाल, सावित्री समदानी। ऋतु समदानी स्नेहलता मूंदड़ा, शिल्पा झंवर, मनोरमा मूंदड़ा, मीना लड़ा, रश्मि बसेर, रिंकु सोडानी, सुनिता मूंदड़ा, साधना चोकड़ा अंजू मालपानी।

## अधिकारियों व कर्मचारियों का अतिरिक्त प्रशिक्षण कल

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों के लिए नियुक्त मल्हारगढ एवं सीतामऊ विकासखंड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अतिरिक्त प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। अतिरिक्त प्रशिक्षण कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में 17 मार्च को प्रात: 10 बजे आयोजित किया जाएगा।



## सुवासरा नगर में कुत्तों का आतंक गौ माता को बना रहे निशाना

**सुवासरा, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में दिनों दिन मेला ग्राउंड स्थित पानी फिल्टर टंकी निकट काटने वाले कुत्ते का आतंक बना हुआ है 15 मार्च को सुबह 9:00 बजे पानी टंकी के पास कुत्ते ने गौ माता को फिर काटा गौ माता की मौके पर ही मौत हो गई हरि गौशाला के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया अकेले मवेशियों को देखकर कुत्ता मुंह नाक, पुंछ पर हमला करता है पास में ही 100 मीटर की दूरी पर एक मिडिल स्कूल है अशोक शर्मा ने कहा कि अनहोनी घटना से क्षेत्र में भय व्याप्त है यह कुत्ता करीब 20 पशुओं पर हमला कर चुका है जिसमें कई मवेशी मर चुके हैं संबंधित जानकारी सुवासरा, नगर परिषद संबंधित अधिकारी को लिखित में अवगत करवा चुके हैं।

## कार्यालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी, जिला मन्दसौर (म.प्र.)

क्रमांक/233/कॉलोनी /2024 मंदसौर, दिनांक-15/03/2024

### **** सार्वजनिक सूचना ****

**( म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23(3) व 23 (4) के अन्त गत )**

नगर परिषद् पिपलियामण्डी की सीमा में दिनांक 31.12.2022 के पूर्व अस्तित्व में आई अनाधिकृत कॉलोनियों को चिन्हांकित होकर कॉलोनियों के रहवासी एवं हितधारकों को दिनांक 12/02/2024 को दावे आपत्ति हेतु सार्वजनिक सूचना नियम 23(3) में प्रकाशन किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उपखण्ड मल्हारगढ जिला मंदसौर के पत्र क्रमांक/557/रीडर/2024 मल्हारगढ, दिनांक – 13/03/2024 से सीमांकन के दौरान सर्वे क्रं. रकबा इत्यादि में संशोधन उपरान्त म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (3) के अंतर्गत उक्त कॉलोनियों की सूची सार्वजनिक की जाती हैं। नियम 23(4) के अन्तर्गत भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान करने हेतु 12 कॉलोनियों के अभिन्यास तैयार किये गये। जिसका प्रारम्भिक प्रकाशन निम्नानुसार किया जाता है। इन अनाधिकृत कॉलोनियों के रहवासियों एवं सभी हितधारकों को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि वे उक्त संबंध में अपने दावे/आपत्तियां इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा नगर परिषद कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं जिनमें यथोचित विचार किया जायेगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावें आपत्ति विचार योग्य नही होंगे।

| क्रं. | वार्ड क्रं. | अनाधिकृत कॉलोनी का नाम / स्थान | भू – स्वा मी का नाम | अनाधिकृत कॉलोनी की भूमि का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ग्राम / कस्बा एंव पटवारी हल्का क्रं. | खसरा क्रं. | रकबा (क्षेत्रफल) हेक्टेयर में |
| 1 | 03 | महु नीमच मार्ग | रामेश्वर पिता भेरूलाल गुर्जर | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 118/मिन-3 | 0.100 हे. |
| 2 | 05 | कृषि उपज मंडी के सामने मनासा मार्ग | मुकेश पिता रामनारायण माली | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 208 पैकी | 0.288 हे. |
| 3 | 05 | बालाजी मंदिर के पीछे | लक्ष्मीनारायण पिता प्यारचंद माली | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 187/मिन-1 | 0.200 हे. |
| 4 | 03 | कनघट्टी मार्ग | जितेन्द्र पिता कैलाशचंद्र लक्ष्कार व यशवंत पिता गोपाल पाटीदार | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 2/4/मिन-4/ मिन-1/ | 10.630 हे. |
| 5 | 03 | अजय टॉकिज के सामने | रमेशचंद, धन्नालाल, शम्भूंलाल व श्यामलाल पिता मूलचंद | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 368/1/मिन-1/1/1 | 0.385 हे. |
| 6 | 05 | बालाजी मंदिर के पीछे | सोहनलाल पिता लालाराम माली | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 169/1 | 0.490 हे. |
| 7 | 05 | बी एस एन एल कार्यालय के पीछे | सुनील पिता गिरधारीलाल चौधरी | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 188/मिन-2/मिन-2 | 0.170 हे. |
| 8 | 04 | काचरिया मार्ग | कोशल्याबाई बेवा रमेशचंद व किशोर पिता रमेशचंद माली | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 134/2 | 0.263 हे. |
| 9 | 05 | कृषि उपज मंडी के सामने | जगदीश पिता नानुराम माली, जसवंतसिह राजपूत व रणजीतसिंह राजपूत | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 195, 196, 197 में 196 /2/मिन-1, 197/2, 215 पै., 216 व 204/1 | 0.630 हे. |
| 10 | 03 | कनघट्टी मार्ग | हेमंत पिता मिश्रीलाल हींगड, आर्वेश पिता चांदमल अग्रवाल व हरिशंकर पिता किशनलाल पाटीदार | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 10/2/2/2 | 0.250 हे. |
| 11 | 03 | पावागढ माताजी मंदिर के पास | कमल कुमार पिता शंकरलाल गुर्जर | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 12/मिन-1/मिन-1/2 | 0.670 हे. |
| 12 | 01 | पिपलियापंथ पुलिस थाने के सामने | हेमन्त पिता मिश्रीलाल हींगड व शंभुदयाल मूलचंद | पिपलियामण्डी प.ह.नं. 32 | 212, 213, 214, 215 | 0.450 हे. |

उपरोक्त चिन्हित अनधिकृत कॉलोनियों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये सक्षम प्राधिकारी/नगर परिषद् के कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। इस सूचना में निधारित समयावधि में सूझाव दावें/आपत्तियां प्राप्त नहीं होने की स्थिति में माना जावेगा कि उक्त संबंध में किसी को काई आपत्ति नहीं हैं।

**कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी**
**जिला मंदसौर (म.प्र.)**

### विपाशेरावती तीरे, शुतुद्रयाश्च त्रिपुष्करे, विवाहादि शुभे नेष्टं, होलिकाप्राग्दिनाष्टकम् ।।

# 2024 में होलाष्टक 17 मार्च से 24 मार्च तक रहेगा

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** होलाष्टक के शाब्दिक अर्थ पर जायें, तो होला + अष्टक अर्थात होली से पूर्व के आठ दिन, जो दिन होता है, वह होलाष्टक कहलाता है। सामान्य रुप से देखा जाये तो होली एक दिन का पर्व न होकर पूरे नौ दिनों का त्यौहार है। होलाष्टक के समय शुभ कार्य वर्जित होते है यह फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी को लगता है होलाष्टक फिर आठ दिनों तक रहता है और सभी शुभ मांगलिक कार्य रोक दिए जाते है यह दुलहंडी पर रंग खेलकर खत्म होता है।

फाल्गुन शुक्ल अष्टमी पर 2 डंडे स्थापित किए जाते हैं। जिनमें एक को होलिका तथा दूसरे को प्रह्लाद माना जाता है। इससे पूर्व इस स्थान को गंगा जल से शुद्ध किया जाता है फिर हर दिन इसमे गोबर के उपल , लकडी घास और जलने में सहायक चीजे डालकर इसे बड़ा किया जाता है। पौराणिक कथाओ एवं शास्त्रों में बताया गया है की होलाष्टक के दिन ही कामदेव ने शिव तपस्या को भंग किया था इस कारण शिव जी अत्यंत क्रोधित हो गये थे उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की अग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था हालाकि कामदेव ने देवताओ की इच्छा और उनके अच्छे के लिए शिव को तपस्या से उठाया था।



कामदेव के भस्म होने से समस्त संसार शोक में डूब गया उनकी पत्नी रति ने शिव से विनती की वे उन्हें फिर से पुनर्जीवित कर दे तब भगवान भोलेनाथ से द्वापर में उन्हें फिर से जीवन देने की बात कही। एक दूसरी कथा के अनुसार राजा हरिण्यकशिपु ने अपने पुत्र भक्त प्रह्लाद को भगवद् भक्ति से हटाने और हरिण्यकशिपु को ही भगवान की तरह पूजने के लिये अनेक यातनाएं दी लेकिन जब किसी भी तरकीब से बात नहीं बनी तो होली से ठीक आठ दिन पहले उसने प्रह्लाद को मारने के प्रयास आरंभ कर दिये थे। लगातार आठ दिनों तक जब भगवान अपने भक्त की रक्षा करते रहे तो होलिका के अंत से यह सिलसिला थमा। इसलिये आज भी भक्त इन आठ दिनों को अशुभ मानते हैं। उनका यकीन है कि इन दिनों में शुभ कार्य करने से उनमें विघ्न बाधाएं आने की संभावनाएं अधिक रहती हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होलाष्टक मे सभी शुभ कार्य करना वर्जित रहते हैं, क्योकी इन आठ दिवस 8 ग्रह उग्र रहते है। इन आठ दिवसो मे अष्टमी को चन्द्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मगल, और पूर्णिमा को राहू उग्र रहते हैं। इसलिये इस अवधि में शुभ कार्य करने वर्जित है।

**होलाष्टक में न करें ये कार्य-** 1. विवाह: होली से पूर्व के 8 दिनों में भूलकर भी विवाह न करें। यह समय शुभ नहीं माना जाता है, जब तक कि कोई विशेष योग आदि न हो। 2. नामकरण एवं मुंडन संस्कार: होलाष्टक के समय में अपने बच्चे का नामकरण या मुंडन संस्कार कराने से बचें। 3. भवन निर्माण: होलाष्टक के समय में किसी भी भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ न कराएं। होली के बाद नए भवन के निर्माण का शुभारंभ कराएं। 4. हवन-यज्ञ: होलाष्टक में कोई यज्ञ या हवन अनुष्ठान करने की सोच रहे हैं, तो उसे होली बाद कराएं। इस समय काल में कराने से आपको उसका पूर्ण फल प्राप्त नहीं होगा। 5. नौकरी: होलाष्टक के समय में नई नौकरी ज्वॉइन करने से बचें। अगर होली के बाद का समय मिल जाए तो अच्छा होगा। अन्यथा किसी ज्योतिषाचार्य से मुहूर्त दिखा लें। 6. भवन, वाहन आदि की खरीदारी:?? संभवत हो तो होलाष्टक के समय में भवन, वाहन आदि की खरीदारी से बचें। शगुन के तौर पर भी रुपए आदी न दें। होलाष्टक में पूजा-अर्चना की के लिए किसी भी प्रकार की मनाही नही होती। होलाष्टक के समय में अपशकुन के कारण मांगलिक कार्यों पर रोक होती है। हालांकि होलाष्टक में भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है। इस समय में आप अपने ईष्टदेव की पूजा-अर्चना, भजन, आरती आदि करें, इससे आपको शुभ फल की प्राप्ति होगी। परंतु सकाम (किसी कामना से किये जाने वाले यज्ञादि कर्म) किसी भी प्रकार का हवन, यज्ञ कर्म भी इन दिनों में नहीं किये जाते।

**पं. गोपाल पंचारिया, मंदसौर**

## 17 मार्च से आठ दिन तक रुक जाएंगे मांगलिक कार्य

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सनातन मान्यतानुसार होली के आठ दिन पहले होलाष्टक लग जाता है। इसका समापन होलिका दहन के साथ होता है। इस अवधि में सभी सोलह संस्कारों सहित शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, होलाष्टक 17 मार्च से शुरू हो जाएगा और 24 मार्च तक रहेगा। होलाष्टक की शुरुआत के साथ ही होलिका दहन के लिए खम्भ गड़ जाएंगे। होलाष्टक की अवधि शोक की मानी जाती है, इसलिए इस दौरान पूजन, पाठ, फाग, भजन तो होंगे लेकिन मुंडन, गृह प्रवेश, संपत्ति क्रय या नए कार्य की शुरुआत आदि शुभ कार्य नहीं होंगे।

**24 मार्च को समाप्त-** होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से शुरु होकर फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तक रहता है। अष्टमी तिथि से शुरु होने कारण भी इसे होलाष्टक कहा जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का प्रारंभ 16 मार्च को रात 9:39 बजे से होगा। इसका समापन 17 मार्च को सुबह 9.53 बजे होगा। ऐसे में होलाष्टक 17 मार्च से लगेगा और 24 मार्च को समाप्त होगा। इसके बाद 25 मार्च को होली मनाई जाएगी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2196 | 2277 |
| उडद | 2 | 6451 | 7101 |
| सोयाबीन | 2075 | 3000 | 4690 |
| गैहु | 12150 | 23000 | 2780 |
| चना | 1726 | 4201 | 5800 |
| मसुर | 289 | 4500 | 5921 |
| धनिया | 410 | 6200 | 8070 |
| लहसुन | 25000 | 6000 | 18600 |
| मैथी | 1850 | 5600 | 6320 |
| अलसी | 850 | 4801 | 5321 |
| सरसो | 1203 | 4601 | 5040 |
| तारामीरा | 3 | 4400 | 4650 |
| इसबगोल | 17 | 9500 | 16800 |
| प्याज | 377 | 700 | 1685 |
| कलोंजी | 17 | 17100 | 19050 |
| डॉलर | 7 | 4000 | 9501 |
| तिल्ली | 12 | 11281 | 13631 |
| मटरसुखी | 7 | 3100 | 5200 |
| असालीया | 348 | 6750 | 7500 |

## कार्यालय नगर परिषद भानपुरा जिला मंदसौर मप्र

क्रमांक/309/न.प./2024 भानपुरा दिनांक -15.03.2024

### सूचना गृह स्वामियो का नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -नगर पालिका अधिनियम 1968 की धारा 150-151 के अंतर्गत इस कार्यालय मे निम्नानुसार आवेदन/ आवेदकगणो द्वारा नगर परिषद रिकार्ड में दर्ज निम्नानुसार आधारों पर गृह स्वामियो ने अपने नाम के सम्मुख दर्षित माध्यम अनुसार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन (प्रकरण) प्रस्तुत किया है। परिवर्तन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के उपरांत आवेदन/आवेदकगणो का नाम रजिस्टर हाउस में संबंधित गृह क्रमांक पर अंकित किया जावेगा और आपकी कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्रं. | प्र.क्रं. | हस्तातरणकर्ता का नाम | हस्तांतरितती का नाम | हस्तांतरित की जाने वाली सम्पत्ति | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 36 | मदनलाल माधुजी | रेखा पति संजयजी | भवन क्रं. 86 पैकि डाक बंगला चौराहा वार्ड क्रं.01 | विक्रय पत्र |
| 2 | 37 | देवीलाल पिता भेरुलाल | अनोखीबाई देवीलाल | भवन क्रं.414 का आधा भाग छत्री एरिया वार्ड क्रं. 15 | सह स्वामित्व |
| 3 | 38 | घनश्याम नारायणजी माली | संजय, पिंकेश गायरी, नीतू पिता घनश्याम | भवन क्रं. 122/1 कुथर मोहल्ला वार्ड क्रं.03 | वंशानुक्रम |
| 4 | 39 | प्रेमबाई रतनलाल | महेश रतनलाल बागड़िया | भवन क्रं.887 का भाग हरिजन मोहल्ला वार्ड क्रं. 06 | दान पत्र |
| 5 | 40 | भुवानीलाल प्रभूलालजी गुर्जर | अन्नु बी पति गुड्डू खान | भवन क्रं.1175 खटीक मोहल्ला वार्ड क्रं. 07 | विक्रय पत्र |
| 6 | 41 | वीराबाई काशीरामजी वाधवा | प्रमोद, पदमा, निर्मला, हंसराज, मीना वधवा पिता काशीरामजी | भवन क्रं.1071/1 पंजाबी कालोनी वार्ड क्रं. 01 | वंशानुक्रम |
| 7 | 42 | श्री नाकोड़ा डेवलपर्स भानपुरा | दिव्यदीपसिंह पिता जितेन्द्रसिंह | भूखंड क्रं.178 कुल में 900 वर्गफीट अंबे रेसीडेंसी वार्ड 01 | विक्रय पत्र |
| 8 | 43 | जगदीश, भगवतीप्रसाद, भागचंद्र मदनलाल | भगवतीबाई पति भगवतीप्रसादजी | भवन क्रं. 2053 नदी मार्ग वार्ड 14 | वंशानुक्रम |
| 9 | 44 | कैलाशचंद्र किशनलालजी | हीरामणि पति कैलाशचंद्र | भवन क्रं.537, 538 लखारा गली, वार्ड 04 | वंशानुक्रम |
| 10 | 45 | फूलचंद्र नंदाजी | दीपिका पति दुर्गेशजी राठौर | भूमि सर्वे क्रमांक 374/4 पैकि रकबा 0.012 हे. याने 1250 वर्गफीट वार्ड 09 नाग देवता का चबुतरा | विक्रय पत्र डायवर्शन |
| 11 | 46 | महेन्द्रसिंह अमरावसिंह सिसोदिया | माया पति दिनेश | भूमि सर्वे क्रमांक 1206/1/2/1 पैकि रकबा 0.008 हे. याने 900 वर्गफीट रामपुरा गेट से इंद्रा कालोनी लागत वार्ड क्रं.01 | विक्रय पत्र डायवर्शन |

**विनोद शिव भानपिया** अध्यक्ष नगर परिषद भानपुरा | **रेहाना डॉ. जाकिर** उपाध्यक्ष नगर परिषद भानपुरा | **मकसूद अंसारी** प्रभारी राजस्व नगर परिषद भानपुरा | **मोहम्मद अशफाक** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भानपुरा

## शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन ने शासकीय सेवकों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि करने के आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश के बाद महंगाई भत्ता बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया है। महंगाई भत्ता दर एक जनवरी 2023 (भुगतान माह फरवरी 2023) से 7वें वेतनमान अंतर्गत महंगाई भत्ता की दर कुल 42 प्रतिशत स्वीकृत कर भुगतान किया जा रहा है।

राज्य शासन के द्वारा उपर्युक्त दरों में 4 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए महंगाई भत्ते की दर 46 प्रतिशत कर दी गयी है। शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते में हुई वृद्धि का लाभ एक मार्च 2024 (भुगतान माह अप्रैल 2024) से किया जाएगा। एक जुलाई 2023 से 29 फरवरी 2024 तक की एरियर राशि का भुगतान 3 समान किश्तों में क्रमश: माह जुलाई, अगस्त, सिंतबर 2024 में दिया जाएगा। महंगाई भत्ते का कोई भी भाग किसी भी प्रयोजन हेतु वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा। राज्य शासन ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शासकीय सेवकों को देय महंगाई भत्ते के भुगतान पर किया गया व्यय संबंधित विभाग के चालू वर्ष के स्वीकृत बजट के प्रावधान से अधिक न हो।



## बड़े अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में एक और नई मशीन आई

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल में शुक्रवार को एक और डायलिसिस मशीन काशुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर डीके शर्मा एवम एमपी स्लेट पेंसिल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा मंदसौर श्री अजय सिंह चौहान तथा पूर्व डायलिसिस यूनिट इंचार्ज नर्सिंग ऑफिसर सीमा व्यास, डायलिसिस युनिट नोडल अधिकारी डॉ कमलेश कुमावत, वर्तमान डायलिसिस युनिट प्रभारी प्रभुलाल परमार, आनन्द पाटीदार, जितेन्द्र, आरती आदि स्टाफ मौजूद रहा।

इस दौरान बताया गया की बड़े अस्पताल मंदसौर की डायलिसिस यूनिट में वर्तमान में सात मशीन रन कर रही है। 35 मरीज का डायलिसिस किया जा रहा है। अभी तक 18 हजार 390 मरीजों का डायलिसिस किया जा चुका है।तथा मरीजों को नि:शुल्क डायलिसिस के साथ दवाई भी दी जा रही है।

# सांसद गुप्ता ने समाजजन, सामाजिक संस्थाओं व वरिष्ठ नागरिकों से भेंट की

**मंदसौर/नीमच, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने शुक्रवार को मंदसौर नगर में समाज के वरिष्ठजन एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों से भेंट की। सांसद गुप्ता ने मंदसौर नगर में साहू तेली समाज, होटल हलवाई संघ, पंच राठौर कछेलिया तेली समाज, माली समाज, राजपूत समाज, सदर बाजार व्यापारी संघ, खतरगच्छ जैन समाज, जांगड़ा पोरवाल समाज, श्री जांगिड़ ब्राम्हण समाज, जनता कॉलोनी, गायत्री शक्तिपीठ गायत्री परिवार एवं पुस्तक विक्रेता संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठजनों से मुलाएकात कर चर्चा की। इसी के साथ ही मंदसौर नगर के चंद्रपुर में पिंकी सिंह तोमर की गन्ने की चरखी पर कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की।



सांसद गुप्ता ने चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत संकल्प की ओर बढ रहा है। मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया है। सांसद गुप्ता ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यो को लेकर भी चर्चा की। सांसद गुप्ता ने मंदसौर मेडिकल कॉलेज, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंदसौर स्टेशन का विकास, सड़कों के विकास कार्य सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होने कहा कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की प्रगति के लिए सभी राज्यों को पर्याप्त संसाधन और राशि उपलब्ध करा रहे हैं, उनके नेतृत्व में निश्चित ही भारत विश्व का सिरमौर बनेगा। इसी के साथ ही समाज व विभिन्न संस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज एकजुटता के साथ रहेगा तो विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। हर बच्चा पढ़-लिखकर माता-पिता के साथ समाज एवं नगर का नाम रोशन करेगा। इसके लिए समाज के प्रत्येक बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें। सामाजिक दृष्टि से कई संस्थाएं देश सेवा के कार्य कर रही है और देश के विकास में अहम योगदान दे रही है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ईश्वर सिंह पंवार, जनपद सदस्य बंशी धनगर, रेलवे सांसद प्रतिनिधि राजदीप परवाल, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय सुराणा, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, पुष्पेन्द्र भावसार, गौरव अग्रवाल,, बंशी राठौर, अमन फरक्या सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## श्री चिंताहरण महादेव मंदिर पर आज होगी महादेव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय जनकुपुरा गणपति चौक से मदारपुरा जाने वाले मार्ग पर अन्नक्षेत्र न्यास भवन के सामने स्थित अति प्राचीन श्री चिन्ता हरण महादेव मंदिर का जीर्णोद्वार कार्य भगवान भोलेनाथ की कृपा से पूर्ण हुआ। महादेव परिवार की पुन: प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार से पूजा अर्चना के साथ आरंभ हो गया। आज 16 मार्च शनिवार को प्रात 9:00 बजे से हवन पूजन आरंभ होगा और दोपहर 12:30 बजे पूर्णाहूति ओर महादेव परिवार की पुन: गर्भगृह में विधि विधान से स्थापना होगी।

इस आशय की जानकारी देते हुए श्री चिन्ताहरण मंदिर समिती के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल एवं सचिव नितिन शिंदे ने बताया कि जनकुपूरा से मदारपुरा जाने वाले मार्ग पर 200 वर्ष पुराने अति प्राचीन श्री चिंता हरण महादेव मंदिर गर्भ गृह का जीर्णोद्धार कार्य देवलोकवासी श्री विनोद गर्ग अंबिका परिवार द्वारा करवाया गया और भक्तों द्वारा मंदिर के शेष कार्य का निर्माण कार्य एवं शिव परिवार मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय आयोजन रखा गया है। जिसके तहत शुक्रवार को विधि विधान से विद्वान आचार्य पंडित सत्यनारायण जोशी के आचार्यत्व में पांच पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करवाई जिसमें महादेव भक्त नितिन शिंदे, ओमप्रकाश गोयल, राजू ओझा एवं लोकेश मुकेश अग्रवाल सपत्नीक पूजा अर्चना में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण और मातृशक्ति उपस्थित थे। श्री अग्रवाल एवं श्री शिंदे ने बताया कि आज 16 मार्च शनिवार को प्रात: 9:00 बजे से हवन पूजन आरंभ होगा तथा 12:30 बजे पूर्णाहुति होगी और शिव परिवार विधि विधान के साथ गर्भ गृह में बिराजेगे तथा संध्या 5:30 बजे महा आरती का भी भव्य आयोजन रखा गया है। आप सभी धर्मालु जनों से अनुरोध है कि धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

## सुगम मानीटरिंग समिति का गठन

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता अपने क्षेत्र में मतदान केंद्र पर सुगम रूप से आकर मतदान कर सके जिसके लिए जिला स्तरीय सुगम मॉनीटरींग समिति का गठन किया गया। समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अध्यक्ष, पुलिस अधिक्षक सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर सदस्य, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिरकण सदस्य, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सदस्य, सहायक संचालक जनसम्पर्क सदस्य, अनुविभागीय अधिकारी गरोठ, मंदसौर, सीतामऊएवं मल्हारगढ़ सदस्य, जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र सदस्य एवं अध्यक्ष दशपुर दिव्यांग कल्याण संगठन सदस्य है।

## चोरी करने के लिए किराने की दुकान में घुसने वाले आरोपी को 6 माह की सजा

**नीमच, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सुश्री सरोज डेहरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा चोरी करने के नियत से किराने की दुकान घुसने वाले आरोपी शंतिलाल पिता मडीया भील, उम्र-25 वर्ष, निवासी-पुरानी नगर पालिका, जिला नीमच को धारा 457 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के कारावास व 250रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।



प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री राजेन्द्र नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी जितेन्द्र चेतनानी ने थाना नीमच केंट में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख कराई की उसकी राधकृष्ण कालेज रोड़, टीचर कॉलोनी में राज प्रोविजन स्टोर नाम से किराने की दुकान हैं। दिनांक 16.02.2018 को वह रात्रि को दुकान बंद कर ताला लगाकर घर चला गया था, जब अगले दिन सुबह के 9 बजे वह व उसका भाई भावेश आये और उन्होनें देखा की दुकान का एक तरफ का शटर उचका हुआ हैं। दोनों ने शटर खोल कर देखा तो अंदर एक व्यक्ति बैठा हुआ था, जिसने अपना नाम शांतिलाल बताया। आरोपी ने बताया की वह अपने साथियों के साथ चोरी करने आया था, और उसने दुकान में से सिल्लक, सिगरेट के पैकेट व अन्य सामान अपने साथियों को बाहर दे दिये और इसी दौरान सवेरा हो जाने से वह दुकान से बाहर नहीं निकल पाया और उसके साथी लोग मौके से भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध थाना नीमच केंट में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। अन्य आरोपी शुभम धर्मा के फरार रहने से आरोपी शांतिलाल के विरूद्ध विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी व चश्मदीद साक्षीगण सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री राजेन्द्र नायक, एडीपीओ द्वारा की गई।

### करंट से किसान की मौत

**पिपलियामंडी, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खेत में फसल सिंचाई के लिए मोटर चलाने गए किसान की करंट लगने मौत हो गई। जानकारी के अनुसार झारडा चोकी अन्तर्गत गांव गोपालपुरा निवासी रायसिंह (35) नाथूलाल गौड गुरुवार शाम 4 बजे करीब फसल सिंचाई के लिए रेतम नदी के निकट मोटर चालू करने गया था। इसी दौरान करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### लोकसभा निर्वाचन की तैयारी के संबंध में बैठक आज

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। बैठक 16 मार्च को प्रात: 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी।

## तोड़फोड़ में पकड़ाए युवक को कहा-जूते मार खुद को

**वीडियो हुआ वायरल, एसपी ने 1 प्रधान आरक्षक व 2 आरक्षकों को किया लाइन हाजिर**

**पिपलियामंडी, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** चोरी के मामले में पकड़ाए युवक का वीडियो बनाने व उसे छोड़ने के मामले में एक प्रधान आरक्षक व दो आरक्षकों को मंदसौर जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने लाइन हाजिर करने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार 13 मार्च को रात्रि में पार्षद कमल गुर्जर के निवास के बाहर खड़ी कार व सीसीटीवी केमरे को तोड़ने के मामले में पार्षद व रहवासियों ने एक युवक को पकडकर पुलिस के सुपुर्द किया था। इस दौरान आरक्षक वाजिद खान, पकड़ाए युवक का वीडियो बनाते हुए नजर आए, जिसमें वह युवक को बोल रहे है कि खुद को और जूते मारा। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वीडियो वायरल हुआ। युवक को थाने पर ले जाने के बाद छोड़ दिया। इस दौरान ड्यूटी पर प्रधान आरक्षक जितेन्द्र द्विवेदी, आरक्षक भूपेन्द्र पाटीदार की लापरवाही भी सामने आई। एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी ने बताया पार्षद के घर पर तोड़फोड़ करने वाले युवक को पकड़ने व छोड़ने पर प्रधान आरक्षक व आरक्षकों की लापरवाही सामने आने पर लाइन हाजिर करने के आदेश हुए है।

### नपा अनुज्ञा के बिना अनाधिकृत भवनों का निर्माण शुल्क के साथ 30 प्रतिशत तक वैध किया जा सकेगा

**मंदसौर, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश नगरपालिका अनुज्ञा के बिना बनाये गये भवनों के निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक और 30 प्रतिशत तक किये गये अनाधिकृत निर्माण को निर्धारित शुल्क जमा करा कर वैध किया जा सकेगा। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मध्यप्रदेश राजपत्र में अधिसूचना जारी की है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की पहल पर विभाग द्वारा यह कार्यवाही की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि संशोधन आदेश पर आवेदन 31 अगस्त, 2024 ही लिये जा सकेंगे। इसके लिये कलेक्टर मार्गदर्शिका द्वारा बाजार मूल्य की दर का 18 प्रतिशत के बराबर व्यावसायिक सम्पत्ति पर और 12 प्रतिशत के बराबर आवासीय सम्पत्ति पर प्रशमन शुल्क जमा करा कर निर्माण को प्रशमन किया जा सकेगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह प्रावधान एक जनवरी, 2021 के पूर्व जारी भवन अनुज्ञा के अंतर्गत निर्मित भवनों पर ही लागू होगा।

## अफीम फसल की रखवाली के लिए गए किसान को पीटा

**पिपलियामंडी, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अफीम फसल की रखवाली करने गए किसान को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बरखेड़ापंथ निवासी हरिशंकर पिता शिवलाल सुथार ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पिपलिया सोलंकी मार में 10 आरी अफीम (सीपीएस) बो रखी है। मैं रात्रि में रखवाली के लिए गया तो सुनील पिता कन्हैयालाल कारपेंटर व उसके दो और साथी वहां मौजूद थे। सुनील बोला कि तू रोज यहां रखवाली करने क्यों आता है, कहते हुए गाली-गलौज की व लट्ठ से मारा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने सुनील के खिलाफ केस दर्ज किया।


**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू मंदसौर, दिनांक 15.03.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एसी 9165 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में गंगाराम सौंधिया पिता कालूसिंहजी निवासी मंदसौर, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती लालूबाई पति गंगाराम निवासी मंदसौर, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.A-156 मंडल द्वारा श्रीमती सज्ज्ञनबाई पति श्री मिश्रीलाल पटोदी को मण्डल आदेश क्रमांक 6326 दिनांक 14.05.1982 आवंटित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.02.1996 को निष्पादित किया गया था। आवंटी श्रीमती सज्ज्ञनबाई पति श्री मिश्रीलाल पटोदी द्वारा उक्त भवन श्री दिलीप कुमार गोडबोले पिता श्री भास्करराव गोडबोले को विक्रय कर विक्रय पत्र दिनांक 02.05.1996 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। इसके पश्चात दिनांक 25.10.1997 को श्रीमती सज्ज्ञनबाई का स्वर्गवास हो चूका है एवं उनके पति श्री मिश्रीलाल पाटोदी का भी स्वर्गवास हो जाने से इनकी एक मात्र पुत्री श्रीमती शकुंतला पहाड़िया पति श्री प्रकाश चन्द्र पहाड़िया की सहमति, विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर श्री दिलीप कुमार गोडबोले पिता श्री भास्करराव गोडबोले भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.A-156 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री दिलीप कुमार गोडबोले पिता श्री भास्करराव गोडबोले के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति / उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)**


## श्री राम मंदिर की तर्ज पर भादवामाता मंदिर में लाल पत्थर लगाए जाएंगे

**कलेक्टर एवं विधायक की उपस्थिति में भादवामाता संस्थान की बैठक सम्पन्न**

**नीमच, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भादवामाता में नव निर्माण हो रहे मंदिर में अयोध्या में श्रीराम मंदिर में लगाए गये लाल पत्थ र जैसे ही लाल पत्थर लगाये जायेंगे। मंदिर समिति के बचत खाते में जमा राशि को अल्प अवधि की एफडी बनाकर जमा किया जावेगा। कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखे हुए सोने एवं चांदी के एवज में गोल्डर बांड लिया जावेगा, जिससे कि मंदिर की आय में वृद्धि हो। यह निर्णय कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं विधायक श्री दिलीप सिह परिहार की उपस्थिति में की शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित भादवामाता संस्थान समिति की बैठक में लिये गये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, समिति के सदस्य श्री प्रहलाद राय गर्ग, श्री करणसिह परमाल, श्री हेमंत हरित, विधायक प्रतिनिधि श्री नीलेश पाटीदार, एसडीएम डॉ.ममता खेडे एवं डॉ.राजेश पाटीदार एवं प्रबंधक श्री अजय एरन उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि भादवामाता में नया अन्न क्षेत्र पर्यटन विभाग व्दानरा नवम्बर 2024 तक पूर्ण कर दिया जावेगा। कोरिडोर निर्माण का भी शुरू हो चुका है। वर्तमान मंदिर के पूर्व में लगा डोम स्नानाघर के सामने शिफ्ट करने का काम भी शीघ्र ही शुरू किया जावेगा। भादवामाता में मुख्य द्वार की पुलिया से पिपलियारावजी तक की सडक निर्माण का वर्तमान में जारी कार्य भी इसी नवरात्रि के पूर्व, पूर्ण करवाने के निर्देश भी लोकनिर्माण विभाग को बैठक में दिए गए। बैठक में बताया गया कि भादवामाता मंदिर के पीछे स्थित पाटीदार समाज की पुरानी धर्मशाला को समाज व्दारा हटाने की सहमति भी दे दी गई है। इस पर तुरंत कार्य प्रारंभ करने की बात भी कही गई। बैठक में बताया गया, कि संस्थान की पृथक से वेबसाईड निर्माण एवं ऑनलाईन डोनेशन की व्यवस्था करने पर भी विचार किया जा रहा है। बैठक में संस्थाबनों के वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए।

## आगजनी से जला घर, बाड़े में लगाई आग घर में फैली, दमकल ने पाया काबू

**पिपलियामंडी, 15 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गांव लिम्बावास में आगजनी में एक घर जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम सवा 7 बजे करीब नारायणगढ़ थानान्तर्गत गांव लिम्बावास में सुमेरसिंह पिता सरदारसिंह ने अपने बाड़े में आग लगाई थी, जो फैलकर उसके घर तक पहुंच गई और घर में रखा सामान भी जलने लगा।

सूचना पर पिपलिया नगर परिषद् की दमकल मौके पहुंची व आग पर काबू पाया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल है, जिसमें युवक बोल रहा है कि सुमेरसिंह पिता सरदारसिंह ने अपने घर में आग लगा ली है, 100 नम्बर के नाम से जानते है इनको। ग्रामीणों के अनुसार छोटी-छोटी बात पर सुमेरसिंह डॉयल 100 पर कॉल करता है, इसलिए इसे गांव के लोग डॉयल 100 के नाम से जानते है।


**कार्यालय नगर परिषद नगरी, जिला-मंदसौर (म.प्र.)**

Phone & Fax-07422-266033 and Email-cmonagri@mpurban.gov.in

क्रमांक-475/निर्माण/2024 नगरी, दिनांक-15.03.2024

***** निविदा आमंत्रण सूचना *****

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_346274_1 | REJUVENATION WORK OF NAGRI TALAB UNDER AMRUT 2.0 SCHEME | 1. 9 month<br>2. 1656377/- | 1. 5,000/-<br>2. 12422/- | Tende purchase and submit date 16.03.2024 to 15.04.2024 open date 18.04.2024 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http:/mptenders.gov.in पर की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद नगरी**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)**

क्रमांक 409/नामांतरण/2024 **नामातंरण विज्ञप्ति** मन्दसौर दिनांक 15.03.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 311x7/2024 | कीर्ति विहार | 5 | प्लांट नं. 50 | कालो. रमादेवी पति बंशीलालजी एवं आादि | कालो. रमादेवी पति बंशीलालजी द्वारा मु.आ. बंशीलालजी पिता मोहनलाल गुर्जर एवं आदि | आशीष पिता रुपचंद सेठिया | विक्रय पत्र |
| 2 | 312x7/2024 | न्यू आनंद विहार-2 | 5 | प्लांट नं. 139 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी, मु.आ. गोपालदास पिता गोविंदराम मेघनानी | मोहन पिता झमटमल मेघनानी, मु.आ. गोपालदास पिता गोविंदराम मेघनानी | वीना पति आशीष आसवानी | विक्रय पत्र |
| 3 | 313x7/2024 | अग्रसेन नगर एक्स. | 5 | प्लांट नं. 43 | इंदिरा पति प्रदीपकुमार गनेड़ीवाल द्वारा मु.आ. प्रदीपकुमार पिता रणछोड़प्रसाद गनेड़ीवाल | इंदिरा पति प्रदीपकुमार गनेड़ीवाल द्वारा मु.आ. प्रदीपकुमार पिता रणछोड़प्रसाद गनेड़ीवाल | नरेश पति नारायणदास लदवानी | विक्रय पत्र |
| 4 | 314x7/2024 | न्यू आनंद विहार | 5 | प्लांट नं. 327 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी, मु.आ. गोपालदास पिता गोविंदराम मेघनानी | मोहन पिता झमटमल मेघनानी, मु.आ. गोपालदास पिता गोविंदराम मेघनानी | मंजुला पति पारसमल जैन, मीना पति अरविंद बोथरा | विक्रय पत्र |
| 5 | 315x7/2024 | अभिनंदन मेन | 5 | प्लांट नं. 256 पूर्वी का भाग | पुरुषोत्तम पिता रामलाल चुमरिया | राजेश पिता गोवर्धनलाल सोनी मनोज पिता श्री पृथ्वीराज भावसार | दिनेश पिता राधाकिशन जटिया | विक्रय पत्र |
| 6 | 316x7/2024 | दत्त मंदिर रोड | 13 | म.नं.135(116) | जंगीबाबू पिता जुम्मा जी | जंगीबाबू पिता जुम्मा जी | अशोक कुमार पिता स्व. जंगीबाबू तंवर | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 7 | 317x7/2024 | तिरुपति नगर श्री अपार्टमेंट | 10 | फ्लेटजी -104 | गौतमकुमार पिता व्यंकटेश प्रसाद गनेड़ीवाल | गौतमकुमार पिता व्यंकटेश प्रसाद गनेड़ीवाल | लवीना पति सुनील पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 8 | 318x7/2024 | तिरुपति नगर श्री अपार्टमेंट | 10 | फ्लेट जी-105 | गौतमकुमार पिता व्यंकटेश प्रसाद गनेड़ीवाल एवं आदि | गौतमकुमार पिता व्यंकटेश प्रसाद गनेड़ीवाल एवं आदि | सुनील पिता सालीगरामजी | विक्रय पत्र |
| 9 | 319x7/2024 | श्री कृष्ण विहार | 4 | प्लांट नं. 40 का भाग | योगेश पिता गोवर्धनलाल शर्मा | योगेश पिता गोवर्धनलाल शर्मा | अंकिता पति नवीन धनोतिया | विक्रय पत्र |
| 10 | 320x7/2024 | नारायण नगर सिल्वर | 33 | प्लांट नं. 79 | दीपककुमार पिता जड़ावचंद भूता एवं आदि | शालीमार गोल्ड द्वारा भागीदार दीपककुमार पिता जड़ावचंद भूता एवं आदि | शबीना बी पिता इरफान कुरेशी | विक्रय पत्र |
| 11 | 321x7/2024 | नारायण नगर सिल्वर | 33 | प्लांट नं. 80 | दीपककुमार पिता जड़ावचंद भूता एवं आदि | शालीमार गोल्ड द्वारा भागीदार दीपककुमार पिता जड़ावचंद भूता एवं आदि | तरन्नुम बी पिता इरफान कुरेशी | विक्रय पत्र |
| 12 | 322x7/2024 | माथुर कालोनी | 10 | मकान नं.30 | रुपनारायण पिता नाथुलाल मोदी | रुपनारायण पिता नाथुलाल मोदी | गायत्रीदेवी पति रणवीरसिंह जादौन | विक्रय पत्र |
| 13 | 323x7/2024 | चौधरी कालोनी | 7 | प्लांट नं. 176 का भाग | नहारदास उर्फ नरेन्द्र पिता कुंदरलाल शर्मा | नहारदास उर्फ नरेन्द्र पिता कुंदरलाल शर्मा | 1. संगीता पति स्व. नरेन्द्र शर्मा 2. तरुण पिता स्व. नरेन्द्र शर्मा | विक्रय पत्र |
| 14 | 324x7/2024 | सिद्धचक्र विहार | 22 | प्लांट नं. ए-33, बी-25 का भाग | अनिता पति अशोककुमार | फूलचंद पिता नारायण देतवाल | भावना पति मदनलाल सैनी | विक्रय पत्र |
| 15 | 325x7/2024 | गौतम नगर रोड 4 | 18 | म.नं. 39(41) | कमलाबाई पति स्व. माधवलाल शर्मा नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्रकुमार पिता स्व. माधवलाल शर्मा | कमलाबाई पति स्व. माधवलाल शर्मा नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्रकुमार पिता स्व. माधवलाल शर्मा | राधा पिता शोभागमल पालीवाल | विक्रय पत्र |

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)**

# संकल्प से सिद्धि तक
## मध्यप्रदेश सरकार जनता की सच्ची सेवक



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास एवं हर नागरिक का कल्याण करने की जिम्मेदारी उठाई है। यह यात्रा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर गरीब कल्याण का लक्ष्य लेकर अनवरत आगे बढ़ती रहेगी।



## विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश

**पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा** तथा **पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा** का शुभारंभ धार्मिक पर्यटन विकास का महत्वपूर्ण कदम

**पीएमश्री एयर एम्बुलेंस का शुभारंभ** गंभीर बीमार तथा दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को एयरलिफ्ट से समय पर उपचार की सुविधा। आयुष्मान कार्ड धारकों को नि:शुल्क लाभ

₹35000 करोड़ लागत की 3.37 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता की **पार्वती- कालीसिंध-चंबल लिंक** परियोजना स्वीकृत

सागर में **रानी अवंतीबाई लोधी** विश्वविद्यालय, गुना में **क्रांतिवीर तात्या टोपे** विश्वविद्यालय एवं खरगोन में **क्रांतिसूर्य टंट्या भील** विश्वविद्यालय का शुभारंभ

₹350 करोड़ की लागत से **इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर** का भूमिपूजन। **भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर** एवं **सतना** में भी एलिवेटेड कॉरिडोर प्रगतिशील

औद्योगिक विकास को तेज करने के उद्देश्य से उज्जैन में दो दिवसीय **रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव** का सफल आयोजन

प्रधानमंत्री जी द्वारा **सायबर तहसील परियोजना** का सभी 55 जिलों में शुभारंभ जनहितैषी विषयों पर त्वरित निर्णय- **बीआरटीएस हटाने का फैसला**

गेहूं के **समर्थन मूल्य** ₹2275 के साथ ₹125 प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय

**तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय** ₹3000 प्रति बोरा से बढ़ाकर किया ₹4000

**मोदी की गारंटी है आज - मध्यप्रदेश में विकास राज**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11249/23 मध्यप्रदेश शासन आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in